वन क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर। सीएसए के कृषि वानिकी विभाग में बीते दिन गुरुवार को भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल मध्य प्रदेश के वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. एस.पी. सिंह ने विश्वविद्यालय के स्नातक/ परास्नातक छात्रों के लिए व्याख्यान दिया। डॉ. सिंह ने वनों के सतत प्रबंधन पर छात्रों को तकनीकी जानकारी देने के साथ वन क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने के बारे में छात्रों को बताया। व्यवसायिक क्षेत्र की सेवाओं में उच्च पदों पर जाने के लिए विभिन्न तकनीकों और विषय वस्तु के बारे में जानकारी दी। डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. अनिल सचान सहित अन्य शिक्षक और वैज्ञानिक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा कानपुर 16/12/2022

एसए छात्रों ने सीखा वन प्रबंधन का गुर

ुर। सीएसए कृषि एवं
ोकी विवि के कृषि वानिकी
। में वृहस्पतिवार को भारतीय
बंधन संस्थान, भोपाल के वरिष्ठ
ास्त्री डॉ.एसपी सिंह ने विशेष
ान के जरिए
क/परास्नातक छात्रों को वन
। का गुर सिखाया। उन्होंने वनों
ात प्रवंधन पर विस्तार से
की जानकारी दी। उन्होंने वन
ं उद्यम स्थापना के लिए भी
को प्रोत्साहित किया। डॉ.वीरेन्द्र
डॉ.कौशल कुमार, डॉ.सर्वे
, डॉ.अनिल सचान सहित अन्य
ववैज्ञानिक भी इस अवसर पर
ात रहे।

कानपुर में सीएसए के कृषि वानिकी विभाग में छात्रों ने सीखा वन प्रबंधन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि वानिकी विभाग में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल मध्य प्रदेश के वरिष्ठ अर्थशास्त्री डा.एस पी सिंह ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक/ परास्नातक छात्रों हेतु एक अतिरिक्त याख्यान दिया। डॉक्टर सिंह ने वनों के सतत प्रबंधन पर छात्रों को विस्तार से तकनीकी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने वन क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने के लिए छात्रों को गुर भी सिखाए। इसके अतिरिक्त व्यवसायिक क्षेत्र की सेवाओं में उच्च पदों पर जाने के लिए विभिन्न तकनीकों तकनीकों तथा विषय वस्तु के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया। इस अवसर पर डॉ वीरेंद्र सिंह, डा.कौशल कुमार, डॉ सर्वेश कुमार, डा.अनिल सचान सहित अन्य शिक्षक/ वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

सीएसए के कृषि वानिकी विभाग में छात्रों ने सीखा वन प्रबंधन

डीटीएनएन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि वानिकी विभाग में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल मध्य प्रदेश के वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ एस पी सिंह ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक/ परास्नातक छात्रों हेतु एक अतिरिक्त व्याख्यान दिया। डॉक्टर सिंह ने वनों के सतत प्रबंधन पर छात्रों को विस्तार से तकनीकी जानकारी दी।साथ ही उन्होंने वन क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने के लिए छात्रों को गुर भी सिखाए।इसके अतिरिक्त व्यवसायिक क्षेत्र की सेवाओं में उच्च पदों पर जाने के लिए विभिन्न तकनीकों तकनीकों तथा विषय वस्तु के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया। इस अवसर पर डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ कौशल कुमार, डॉ सर्वेश कुमार, डॉ अनिल सचान सहित अन्य शिक्षक/ वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण कानपुर 16/12/2022

सीएसए में छात्राओं को मिलेंगे 34 पदक

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी सीएसए के पांच जनवरी को होने वाले दीक्षा समारोह में इस बार भी छात्राएं आगे रहेंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 50 में 34 पदकों के लिए बेटियों के नाम शामिल किए हैं। इसमें भी बीएससी कृषि की छात्रा सुमेधा सिंह को कुलाधिपति स्वर्ण पदक के साथ तीन स्वर्ण पदक और मिलेंगे।

- चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि का दीक्षा समारोह पांच जनवरी को
- पदक पाने वाले विद्यार्थियों की अंतिम सूची की गई जारी

मानद उपाधि के लिए भेजे तीन नाम

विश्वविद्यालय की ओर से किसी विशिष्ट हस्ती को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। इसके लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक डा. त्रिलोचन महापात्रा, पूर्व उप महानिदेशक उद्यान डा. एन कुमार व नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद्र के नाम राजभवन भेजे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मानद उपाधि के लिए नाम पर अनुमोदन राजभवन से होगा। पदक पाने वाले छात्रों की अंतिम सूची कार्यपरिषद की बैठक में जारी होगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक पदक पाने वाले विद्यार्थियों की अंतिम सूची बुधवार को जारी कर दी गई। इससे पहले इस सूची पर आपत्तियां भी मांगी गई थीं। एक आपत्ति आने पर उसका निस्तारण भी किया गया। सूची के मुताबिक सुमेधा को सर्वाधिक चार पदक मिलेंगे। इसमें कुलाधिपति स्वर्ण, राय साहब गजोधर मेमोरियल स्वर्ण पदक, डा. कीर्तिकर स्मारक स्वर्ण पदक, आस्पी स्वर्ण पदक मिलेगा। अनुष्का मेहरोत्रा को स्व. श्री अक्षयवर सिंह स्मारक स्वर्ण पदक मिलेगा। एमएससी उद्यान में रामबाबू को डा. पीएन बाजपेयी स्वर्ण पदक, एमएससी कृषि की मल्लिका जायसवाल को स्वर्ण पदक के साथ जेएस अग्रवाल मेमोरियल स्वर्ण पदक मिलेगा। ऊषा रानी को रजत पदक के साथ विनय कुमार वर्मा मेमोरियल स्वर्ण और सौम्या नेमा को कांस्य पदक के साथ डा. भारत सिंह स्वर्ण पदक मिलेगा। एमबीए कृषि व्यवसाय की प्रज्ञा शर्मा को स्वर्ण, बीएससी आनर्स (कम्युनिटी साइंस) की प्रभा कुशवाहा, एमएससी गृह विज्ञान की कृति द्विवेदी, एमएससी उद्यान के निमित सिंह, बीएससी आनर्स (उद्यान) की मानसी शुक्ला, बीएससी आनर्स (वानिकी) की रितु सिंह, बीएफएससी के सर्तेंद्र सिंह को और इंजीनियरिंग में वैभव अवस्थी, दीक्षा व गौरी गहोई को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा।